**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

**अधिसूचना**

**सं0सं0—9/आ0—09—02/2022(स्वा0)........................../ पटना, दिनांकः—....................**

डॉ0 विजय कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णियॉ सम्प्रति सेवानिवृत्त को अधीनस्थ महिला चिकित्सा पदाधिकारी से अमर्यादित व्यवहार करने एंव आउटसोर्सिंग एजेंसी के चयन में अनियमितता बरतने के आरोप में विभागीय अधिसूचना सं0—130(17) दिनांक—24.03.2022 द्वारा निलंबित किया गया।

**2.** विभागीय अधिसूचना सं0—788(9) दिनांक—19.09.2022 द्वारा डॉ0 कुमार को निलंबन मुक्त करते हुए पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान करने का निदेश दिया गया।

**3.** डा0 कुमार के विरूद्ध विभागीय संकल्प सं0—785(9) दिनांक—16.09.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। उन्हें विभागीय अधिसूचना सं0—1122(9) दिनांक—18.11.2024 द्वारा आरोप मुक्त किया गया है।

**4.** डा0 कुमार द्वारा अभ्यावेदन समर्पित कर निलंबन अवधि पर निर्णय संसूचन करने का अनुरोध किया गया।

**5.** अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक समीक्षोपरांत पाया गया कि डा0 कुमार द्वारा निलंबन अवधि में नियमित रूप से निर्धारित मुख्यालय में उपस्थिति दर्ज किया गया है। डा0 कुमार को निलंबन अवधि हेतु बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम—11(3) के अधीन जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त अवशेष राशि भुगतान करने का विनिश्चय किया गया।

**6.** डा0 विजय कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णियाँ सम्प्रति सेवानिवृत्त को निलंबन अवधि दिनांक—24.03.2022 से 19.09.2022 की अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त अवशेष राशि भुगतान करने का निर्णय संसूचित किया जाता है।

**7.** उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**ह0/—**
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः 9/आ0—09—02/2022(स्वा0)** 462(9) **/ पटना, दिनांकः—** 16.05.25

**प्रतिलिपिः**—महालेखाकार (ले0 एवं ह0) बिहार पटना/प्रभारी वित्त (वै0 दा0 नि0 को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, पूर्णियॉ/कोषागार पदाधिकारी, पूर्णियॉ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/05/05

(15)

**प्रतिलिपिः**—क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, पूर्णियॉ प्रमंडल पूर्णियॉ/अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया/सिविल सर्जन, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—माननीय स्वास्थ मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:—डॉ0 विजय कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णियॉ सम्प्रति सेवानिवृत्त पत्राचार का पता—IMA हॉल, एस0पी0कोठी, पोस्ट ऑफिस मेन पूर्णियॉ, पिनकोड—854301 को सूचनार्थ एवं आ0वश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:—प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:—आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

16/05/2025

**सरकार के अवर सचिव।**